अमर उजाला 09/04/2023

# लैंगिक समानता रैली से किया जागरूक



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के मनोवैज्ञानिक विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग व वूमेन सेल और एसडीजी क्लब की और से लैंगिक समानता रैली का आयोजन किया। जहां इस रैली को कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सीमा कंसल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। कहा कि सभी महिला और पुरुष को समान अधिकार हैं, सभी को आर्थिक भागीदारी और निर्णय प्रक्रिया में समान रूप से देखा जाता है। महाविद्यालय ऐसी जागरूकता के लिए रैली, पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक कार्यों के माध्यम से पहल करता है। इससे कि सभी सामाजिक बुराइयों का अंत और एक सभ्य समाज की स्थापना आरंभ हो सके। इसी श्रेणी में मनोवैज्ञानिक विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अनुपमा सिहाग ने कहा कि यह हम सभी की एक संयुक्त जिम्मेदारी है और लोगों को जागरूक करना इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों की अहम भूमिका है इस रैली में 51 से विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और रैली को सफल बनाया। इस रैली में डॉ. अनुपमा सिहाग और डॉ. मीनू राठी, डॉ.नीना, प्रो. अमनीश और प्रो. सोनम साहू उपस्थित रहे। संवाद